# University in News on 15 May 2023

## JAGRAN CITY PAGE III

# अब भोपाल गैस त्रासदी भी पढ़ेंगे विद्यार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग ने बीए छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में कई और नई चीजें शामिल की हैं। अब छात्र-छात्राएं अपने कोर्स में 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी और फरवरी 2019 में हुई बालाकोट एयर स्ट्राइक के बारे में भी पढ़ेंगे। केस स्टडी के रूप में कोर्स में शामिल करते हुए शुक्रवार को हुई बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई।

रक्षा अध्ययन विभाग के कोआर्डिनेटर डा. ओपी शुक्ला ने बताया कि इस बार पुलवामा हमला, भारत की सर्जिकल स्ट्राइक के साथ-साथ भोपाल गैस त्रासदी, बाला कोट एयर स्ट्राइक और हिंद महासागर भूकंप और सुनामी आदि को भी कोर्स का हिस्सा बनाया है। ये केस स्टडी के रूप में रहेंगे। इसके निर्धारित 20 अंक मिलेंगे। इसके साथ ही परास्नातक चौथे सेमेस्टर रक्षा अध्ययन में साइंस एंड टेक्नोलाजी इन वार पेपर में छात्र-छात्राओं को रासायनिक और जैविक प्रौद्योगिकी की भूमिका और सेना के साथ इसके संबंध के साथ चौथी यूनिट में उन्हें नई सैन्य प्रौद्योगिकी एवं नए पारंपरिक हथियार के विषय में भी बताया जाएगा।

### छात्राओं को रोजगारपरक ट्रेनिंग कोर्स की सुविधा



जासं, लखनऊ : नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में पढ़ने वाली छात्राओं को रोजगारपरक कोर्स की ट्रेनिंग करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए शनिवार को कालेज की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी और बीएसएन इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड की हेड प्रिया सिंह ने एमओयू किया। प्राचार्या ने बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी कौशल व अन्य भाषाओं में निपुण बनाने के लिए यह एमओयू किया गया है। इसके तहत छात्राओं के पास 61 ट्रेनिंग कोर्स उपलब्ध होंगे, जिससे उनमें रोजगारपरक कौशल विकास की संभावनाएं विकसित होंगी। इस अवसर पर डा. पूनम वर्मा, डा. शालिनी श्रीवास्तव, डा. विशाल प्रताप सिंह, सौरभ शुक्ला, राम शंकर त्रिपाठी, डा. प्रतिमा व अमित उपस्थित रहे।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# छात्रों को विवि ने किया निलंबित

### पत्थरबाजी, अभद्रता व कैन्टीन का ताला तोड़ने की घटना में छात्र थे संलिप्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**लविवि**

- **विवि प्रशासन ने इसके पहले कई बार दी चेतावनी**
- **पुलिस की कार्रवाई के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने की कार्रवाई**



अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय कुलानुशासक कार्यालय ने रविवार को सुभाष छात्रावास के बीकॉम व बीए के चार छात्रों को विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया है। उक्त छात्रों को कई बार पत्थरबाजी व अभद्रता करने और कई बार चाकू छूरी व हॉकी लेकर कैन्टीन का ताला तोड़ने की घटना में संलिप्त होने के चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है।

बता दें कि शनिवार देर रात कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रो. रणवीर सिंह विष्ट छात्रावास में पत्थरबाजी व गालियां देने और हॉकी लेकर कैन्टीन का ताला तोड़ने की घटना को अंजाम दिया। इसमें संलिप्त लखनऊ विश्वविद्यालय के सुभाष छात्रावास के छात्र बीकॉम के प्रांजल मिश्रा, अर्नव सिंह, शौर्य अवस्थी के अलावा बीए के अमन सिंह की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई। इसके बाद उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत के बाद शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय से निलम्बित कर दिया। विश्वविद्यालय कुलानुशासक कार्यालय का कहना है कि उक्त छात्र कई बार इस तरह के मामलों में चेतावनी देकर छोड़े जा चुके थे साथ ही इन्हें कई बार नोटिस देकर भी सुधरने का मौका दिया गया लेकिन अब विवि प्रशासन ने अंतिम कार्रवाई करते हुए उक्त सभी चारों छात्रों को विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया है।

> कई बार छात्रों को सुधरने का मौका देने के बावजूद छात्र अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। उक्त चारों छात्रों ने शनिवार को भी इसी तरह की घटना को अंजाम देते हुए विश्वविद्यालय के माहौल को खराब करने का प्रयास किया, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।
> –डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय

## THE PIONEER PAGE 2

### MOCK INTERVIEW

The department of psychology, University of Lucknow, organised a mock interview and lecture on employability skills for undergraduate and post-graduate students under the guidance of head of the department Dr Archana Shukla. Sangla Dixit, the director of Sigma Trade Wings LLP, was the guest speaker. The objective of the event was to provide students with valuable insights into the professional world and equip them with the necessary skills to succeed in their careers.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 4

### छात्रावास पर पथराव, चार छात्र निलंबित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिल्पकला महाविद्यालय में छात्रावास पर पथराव करने के आरोप में चार छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। इन छात्रों पर शनिवार रात रणवीर सिंह छात्रावास में पत्थरबाजी करने के आरोप है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि बीकॉम के छात्र प्रांजल, अर्नव सिंह, शौर्य अवस्थी और बीए के छात्र अमन सिंह को निलंबित करके उनसे जवाब तलब किया गया है। इन छात्रों पर कैंटीन पर भी हमला करने का आरोप है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## DAINIK JAGRAN PAGE 4

# लवि : चार छात्र निलंबित

**पथराव के बाद कला एवं शिल्प महाविद्यालय के रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास में सुरक्षा के लिए तैनात किए गए दो गार्ड**

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कालेज) के प्रोफेसर रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास पर शनिवार रात में पथराव करने वाले चार छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। यह सभी छात्र सुभाष छात्रावास के हैं और पहले भी कई कैंटीन का ताला तोड़ने की घटना में शामिल रह चुके हैं। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर वहां दो सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए हैं।

शनिवार रात 10.30 बजे प्रोफेसर रणवीर सिंह बिष्ट छात्रावास पर कुछ छात्रों ने पथराव कर गाली गलौज की थी, जिससे छात्रावास की खिड़कियों के शीशे टूट गए। अंतःवासी छात्र चोटिल होने से बच गए थे। इस घटना का उन्होंने वीडियो बना लिया था। रविवार को सुबह 10 बजे चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी आर्ट्स कालेज के छात्रावास पहुंचे और छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने उन्हें लिखित में शिकायत दी, जिसके बाद पत्थर फेंकने वालों में चार छात्रों की पहचान कर ली गई।

**इन्हें किया गया निलंबित :** प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुभाष छात्रावास के कमरा नंबर 62 में रहने वाले बीकाम के छात्र प्रांजल मिश्रा, अर्नव सिंह, कमरा नंबर 80 में बीकाम के छात्र शौर्य अवस्थी और कमरा नंबर आठ के बीए के छात्र अमन सिंह को निलंबित किया गया है। इससे पहले भी यह छात्र चाकू, छूरी एवं हाकी लेकर कैंटीन का ताला तोड़ने की घटना में शामिल रह चुके हैं।